# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार
## लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| दैनिक जागरण | 9.6.21 | 2 | 2-6 |


**प्रतियोगिता** एचएयू में विश्व खाद्य सुरक्षा दिवस पर आनलाइन निबंध प्रतियोगिता आयोजित

# प्रत्येक व्यक्ति को पौष्टिक व पर्याप्त भोजन मिलना जरूरी

जागरण संवाददाता, हिसार : चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के इंदिरा चक्रवर्ती गृह विज्ञान महाविद्यालय में खाद्य एवं पोषण विभाग की ओर से विश्व खाद्य सुरक्षा दिवस के उपलक्ष्य में एक ऑनलाइन निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर बीआर कांबोज ने कहा कि इस दिवस को मनाने का मुख्य उद्देश्य सुरक्षित खाद्य मानकों को बनाए रखने के बारे में लोगों को जागरूक करना और खाद्य जनित बीमारियों को कम करना है। उन्होंने कहा कि विश्व स्वास्थ्य संगठन के आंकड़ों के अनुसार दुनिया भर में 10 में से एक व्यक्ति दूषित भोजन की वजह से बीमार पड़ जाता है। यह आने वाले समय के लिए बड़ी समस्या है। ऐसे में हमें स्वच्छ भोजन के प्रति जागरूक होने की जरूरत है।

**एचएयू की ट्विंकल रही प्रथम, पीएयू लुधियाना की हिमलेश द्वितीय :** निबंध लेखन का विषय सुरक्षित कल के लिए आज खाद्य सुरक्षा रखा गया था, जिसमें प्रतिभागियों को हिंदी या अंग्रेजी में 280 से 300 शब्दों का निबंध लिखकर भेजना था। निर्णायक मंडल की भूमिका महाविद्यालय के विस्तार शिक्षा एवं प्रबंधन विभाग की सहायक प्रोफेसर डॉ. वंदना वर्मा व सहायक प्रोफेसर डा. उर्वशी नांदल ने निभाई। स्कूल वर्ग में सेंट मेरी स्कूल, मुरादाबाद की अनुष्का अग्रवाल प्रथम, भारत माता सरस्वती बाल मंदिर, दिल्ली के अर्जुन पंवार द्वितीय व डीपी एस, फरीदाबाद एवं डीएवी मॉडल स्कूल, सेक्टर-15, चंडीगढ़ के नीतीश मलिक संयुक्त रूप से तृतीय स्थान पर रहे। कॉलेज वर्ग में गृह विज्ञान महाविद्यालय की ट्विंकल प्रथम, खाद्य एवं पोषण विभाग, पीएयू, लुधियाना से हिमलेश ने द्वितीय एवं गृह विज्ञान महाविद्यालय की गीता रानी ने तृतीय स्थान हासिल किया। विभागाध्यक्ष डा. संगीता चहल ने बताया इस कार्यक्रम का आयोजन महाविद्यालय की अधिष्ठाता डा. बिमला ढांडा व छात्र कल्याण निदेशक डा. देवेंद्र सिंह दहिया की देखरेख में सहयोग किया।



## प्रत्येक कर्मचारी व उसके परिजनों का टीकाकरण हमारा लक्ष्य : कुलपति

जागरण संवाददाता, हिसार : चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय हिसार के कैंपस अस्तपाल में मंगलवार को 18 वर्ष और उससे अधिक आयुवर्ग के कर्मचारियों के लिए टीकाकरण कैंप का आयोजन किया गया। कैंप का आयोजन जिला स्वास्थ्य विभाग के सहयोग से किया गया। कैंप का उद्घाटन करने के उपरांत विश्वविद्यालय के कुलपति ने कहा कि हमारा लक्ष्य विश्वविद्यालय के प्रत्येक कर्मचारी व उसके परिजनों का टीकाकरण करवाना है। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय के शिक्षक व गैर शिक्षक कर्मचारियों की मांग पर यह कैंप विशेष तौर पर आयोजित किया गया ताकि प्रत्येक कर्मचारी का टीकाकरण हो सके और विश्वविद्यालय में कोरोना महामारी के प्रकोप को फैलने से रोका जा सके। कुलपति ने टीका लगवा चुके और टीकाकरण के लिए आए लोगों से इस बारे में बातचीत की और उनका कुशलक्षेम पूछा। वैक्सीन के बाद भी मास्क, सैनिटाइजेशन जरूरी है।

### एचएयू में निर्बाध गति से जारी रहा कार्य

कुलपति ने कहा कि कोरोना महामारी जब अपने चरम पर थी, तब भी राज्य व केंद्र सरकार द्वारा जारी हिदायतों का पालन करते हुए विश्वविद्यालय के प्रशासनिक कार्य, कृषि संबंधी कार्य, अनुसंधान और ऑनलाइन पढ़ाई निर्बाध जारी रही। इस अवसर पर कुलपति के ओएसडी डा. अतुल ढींगड़ा, कुलसचिव डा. राजवीर सिंह आदि मौजूद रहे।

# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार
## लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| अमर उजाला | 9.6.21 | 2 | 7-8 |

## एचएयू कैंपस में लगा टीकाकरण शिविर



हिसार (ब्यूरो)। चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के कैंपस अस्पताल में मंगलवार को 18 वर्ष और उससे अधिक आयु वर्ग के कर्मचारियों के लिए टीकाकरण शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का उद्घाटन करने के बे बाद विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. बीआर कांबोज ने कहा कि हमारा लक्ष्य प्रत्येक कर्मचारी व उनके परिजनों का टीकाकरण करवाना है। इस अवसर पर कुलपति के ओएसडी डॉ. अतुल ढींगड़ा, कुलसचिव डॉ. राजवीर सिंह, छात्र कल्याण निदेशक डॉ. देवेंद्र सिंह दहिया, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. प्रीति मलिक, डॉ. अशोक चौधरी, जिला स्वास्थ्य विभाग से एएनएम मुकेश, सौरभ, प्रवीण आदि मौजूद रहे।

# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार
## लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| दैनिक भास्कर | 9.6.21 | 2 | 1-3 |

# निबंध स्पर्धा में अनुष्का और ट्विंकल विनर

सिटी रिपोर्टर • चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि यूनिवर्सिटी के इंदिरा चक्रवर्ती गृह विज्ञान कॉलेज में खाद्य एवं पोषण विभाग ने विश्व खाद्य सुरक्षा दिवस के उपलक्ष्य में ऑनलाइन निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया।

एचएयू के वीसी प्रोफेसर बी.आर. काम्बोज ने कहा कि इस दिवस को मनाने का मुख्य उद्देश्य सुरक्षित खाद्य मानकों को बनाए रखने के बारे में लोगों को जागरूक करना और खाद्य जनित बीमारियों को कम करना है। विश्व स्वास्थ्य संगठन के आंकड़ों के अनुसार दुनियाभर में 10 में से एक व्यक्ति दूषित भोजन की वजह से बीमार पड़ जाता है। यह आने वाले समय के लिए बड़ी समस्या है। ऐसे में हमें स्वच्छ भोजन के प्रति जागरूक होने की जरूरत है। खाद्य सुरक्षा का मतलब यह सुनिश्चित करना होता है कि हर व्यक्ति को पर्याप्त मात्रा में और सुरक्षित व पौष्टिक भोजन मिलना जरूरी है। ऐसे कार्यक्रमों के माध्यम से समाज के लोगों में भोजन के प्रति सुरक्षा को लेकर जागरूकता फैलाई जा सकती हैं।

## दिल्ली के अर्जुन पंवार रहे रनरअप

निबंध लेखन में निर्णायक मंडल की भूमिका कॉलेज के विस्तार शिक्षा एवं प्रबंधन विभाग की सहायक प्रोफेसर डॉ. वंदना वर्मा व सहायक प्रोफेसर डॉ. उर्वशी नांदल ने निभाई। स्कूल वर्ग में सेंट मेरी स्कूल, मुरादाबाद की अनुष्का अग्रवाल प्रथम, भारत माता सरस्वती बाल मंदिर, दिल्ली के अर्जुन पंवार द्वितीय व डीपीएस, फरीदाबाद एवं डीएवी मॉडल स्कूल, सेक्टर-15, चण्डीगढ़ के नीतीश मलिक संयुक्त रूप से तृतीय स्थान पर रहे। कॉलेज वर्ग में गृह विज्ञान कॉलेज की ट्विंकल प्रथम, खाद्य एवं पोषण विभाग, पीएयू, लुधियाना से हिमलेश ने द्वितीय एवं गृह विज्ञान महाविद्यालय की गीता रानी ने तृतीय स्थान हासिल किया।

# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार
## लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| पंजाब केसरी | 9.6.21 | 4 | 6 |

## 'विश्व खाद्य सुरक्षा दिवस पर ऑनलाइन निबंध स्पर्धा आयोजित'

हिसार, (पंकेस): चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के इंदिरा चक्रवर्ती गृह विज्ञान महाविद्यालय में खाद्य एवं पोषण विभाग की ओर से विश्व खाद्य सुरक्षा दिवस के उपलक्ष्य में एक ऑनलाइन निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर बी.आर. काम्बोज ने कहा कि सुरक्षित खाद्य मानकों को बनाए रखने के बारे में लोगों को जागरूक करना और खाद्य जनित बीमारियों को कम करना है। निबंध लेखन का विषय सुरक्षित कल के लिए आज खाद्य सुरक्षा रखा गया था, जिसमें प्रतिभागियों को हिंदी या अंग्रेजी में 280 से 300 शब्दों का निबंध लिखकर भेजना था।

निर्णायक मंडल की भूमिका महाविद्यालय के विस्तार शिक्षा एवं प्रबंधन विभाग की सहायक प्रोफेसर डॉ. वंदना वर्मा व सहायक प्रोफेसर डॉ. उर्वशी नांदल ने निभाई। स्कूल वर्ग में सेंट मेरी स्कूल, मुरादाबाद की अनुष्का अग्रवाल प्रथम, भारत माता सरस्वती बाल मंदिर, दिगी के अर्जुन पंवार द्वितीय व डी.पी.एस, फरीदाबाद एवं डी.ए.वी. मॉडल स्कूल, सैक्टर-15, चंडीगढ़ के नीतीश मलिक संयुक्त रूप से तृतीय स्थान पर रहे। कॉलेज वर्ग में गृह विज्ञान महाविद्यालय की ट्विंकल प्रथम, खाद्य एवं पोषण विभाग, पी.ए.यू., लुधियाना से हिमलेश ने द्वितीय एवं गृह विज्ञान महाविद्यालय की गीता रानी ने तृतीय स्थान हासिल किया। सभी प्रतिभागियों को ई-सर्टिफीकेट प्रदान किए गए।

चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार
लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| अमर उजाला | 9.6.21 | 2 | 1-3 |

# निबंध स्पर्धा में अनुष्का रहीं अव्वल

## विश्व खाद्य सुरक्षा दिवस पर इंदिरा चक्रवर्ती महाविद्यालय में हुई ऑनलाइन प्रतियोगिता

माई सिटी रिपोर्टर

हिसार। चौ. चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के इंदिरा चक्रवर्ती गृह विज्ञान महाविद्यालय में खाद्य एवं पोषण विभाग की ओर से विश्व खाद्य सुरक्षा दिवस पर हुई ऑनलाइन निबंध प्रतियोगिता में मुरादाबाद की छात्रा अनुष्का अग्रवाल अव्वल रहीं।

विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. बीआर कांबोज ने कहा कि इस दिवस को मनाने का मुख्य उद्देश्य सुरक्षित खाद्य मानकों को बनाए रखने के बारे में लोगों को जागरूक करना है। विश्व स्वास्थ्य संगठन के आंकड़ों के अनुसार 10 में से एक व्यक्ति दूषित भोजन की वजह से बीमार पड़ जाता है। निबंध लेखन का विषय 'सुरक्षित कल के लिए आज खाद्य सुरक्षा' रखा गया था। सहायक प्रोफेसर डॉ. वंदना वर्मा व सहायक प्रो. डॉ. उर्वशी नांदल ने निभाई।

स्कूल वर्ग में सेंट मेरी स्कूल, मुरादाबाद की अनुष्का अग्रवाल प्रथम रहीं। भारत माता सरस्वती बाल मंदिर दिल्ली के अर्जुन पंवार द्वितीय व डीपीएस फरीदाबाद एवं डीएवी मॉडल स्कूल,



अपनी पेंटिंग दिखाती छात्रा

सेक्टर-15, चंडीगढ़ के नीतीश मलिक संयुक्त रूप से तृतीय स्थान पर रहे।

कॉलेज वर्ग में गृह विज्ञान महाविद्यालय की ट्विंकल प्रथम, खाद्य एवं पोषण विभाग, पीएयू, लुधियाना से हिमलेश ने द्वितीय एवं गृह विज्ञान महाविद्यालय की गीता रानी ने तृतीय स्थान हासिल किया। विभागाध्यक्ष डॉ. संगीता चहल ने बताया कि कार्यक्रम का आयोजन महाविद्यालय की अधिष्ठाता डॉ. बिमला ढांडा व छात्र कल्याण निदेशक डॉ. देवेंद्र सिंह दहिया की देखरेख में व राष्ट्रीय कृषि उच्च शिक्षा परियोजना के सहयोग से किया गया। सभी प्रतिभागियों को ई-सर्टिफिकेट दिए गए।

## निबंध में गायत्री, पोस्टर मेकिंग में रेणु रही प्रथम

हिसार (ब्यूरो)। सिरसा रोड स्थित कल्पना चावला कॉलेज के बीएड, डीएड विद्यार्थियों के लिए ऑनलाइन प्रतियोगिता हुई। दो दिवसीय प्रतियोगिता में लॉकडाउन का पर्यावरण पर प्रभाव विषय पर निबंध, वीडियो मेकिंग व कोरोना योद्धा विषय पर पोस्टर मेकिंग द्वारा अपनी भावनाएं व विचार प्रकट किए। पोस्टर मेकिंग में रेणु प्रथम, स्मिता व कल्पना द्वितीय तथा नीरज व पारुल तीसरे स्थान पर रहे। निबंध लेखन में गायत्री देवी प्रथम, नीलम दूसरे व प्रियंका तीसरे स्थान पर रहे। वीडियो मेकिंग में नीरज, सानिया, मीनाक्षी अनिता क्रमशः पहले दूसरे व तीसरे स्थान पर रहे। कॉलेज निदेशक महेश चंद्र शर्मा, प्रिंसिपल डॉ. मोहित मलिक विद्यार्थी ऑनलाइन गूगल मीट पर आयोजित वेबिनार के माध्यम से जुड़े रहे।

चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार
लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| हरि. भूमि | 9.6.21 | 9 | 2-5 |

# पहली लहर में संक्रमण के 17147 जबकि दूसरी लहर में अब तक 36430 मामले दर्ज किए गए

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिसार

जिले में पिछले 24 घंटे के दौरान 119 और संक्रमित मरीजों ने कोरोना को मात दे दी। इसी के साथ एक्टिव केसों की संख्या घटकर 600 से नीचे आ गई है। इनमें से अधिकतर होम आइसोलेशन में उपचाराधीन है। मंगलवार को संक्रमण के 50 नए मामले सामने आए, जबकि 5 संक्रमित मरीज कोरोना से जिंदगी की जंग हार गए। उधर, रिकवरी रेट फीसद में लगातार सुधार जारी है। जिले में रिकवरी रेट फीसद 96.96 पर पहुंच चुका है, जोकि राहत की बात है।

सीएमओ डॉ. रत्ना भारती के अनुसार जिले में अभी तक 5 लाख 74 हजार 684 लोगों की टेस्टिंग में संक्रमण कुल 53 हजार 577 मामले सामने आ चुके हैं। इनमें से अब तक कुल 51 हजार 947 लोग कोरोना को मात देकर ठीक हो चुके हैं। जिले में कोरोना से अब तक कुल 1045 लोगों की मौत हुई है। कोरोना की पिछले वर्ष की पहली लहर में 327 और इस वर्ष की दूसरी लहर में 718 लोगों की दुखद मृत्यु हुई है। डॉ जया गोयल ने बताया कि पहली लहर में संक्रमण के 17147 जबकि दूसरी लहर में अब तक 36430 मामले दर्ज किए गए हैं। रिकवरी रेट 96.96 फीसद पर पहुंच गया।



हिसार। टीकाकरण के दौरान विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर बीआर काम्बोज व अन्य।

## हिसार कोरोना अपडेट

| | |
|---|---|
| नए केस | 50 |
| कुल केस | 53577 |
| आज ठीक हुए केस | 119 |
| कुल ठीक हुए केस | 51947 |
| एक्टिव केस | 585 |
| मौत | 1045 |
| रिकवरी रेट | 96.96 |

## टीकाकरण कैंप आयोजित

हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के कैंपस अस्पताल में मंगलवार को 18 वर्ष और उससे अधिक आयुवर्ग के कर्मचारियों के लिए टीकाकरण कैंप का आयोजन किया गया। बताया जा रहा है कि कैंप का आयोजन जिला स्वास्थ्य विभाग के सहयोग से किया गया। कैंप का उद्घाटन करने के उपरांत विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर ... लक्ष्य विश्वविद्यालय के प्रत्येक कर्मचारी व उसके परिजनों का टीकाकरण करवाना है। इस अवसर पर कुलपति के ओएसडी डॉ. अतुल ढींगड़ा, कुलसचिव डॉ. राजवीर सिंह, छात्र कल्याण निदेशक डॉ. देवेंद्र सिंह दहिया, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. प्रीति मलिक, डॉ. अशोक चौधरी, जिला स्वास्थ्य विभाग से एएनएम मुकेश, सुमित्रा, आईटी सैल से सौरभ

## बाल सेवा योजना के लिए करें संपर्क

कोरोना महामारी के कारण से निराश्रित हुए बच्चों के लिए आरंभ की गई मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना के तहत शिक्षा सहायता, स्वास्थ्य बीमा तथा आर्थिक सहायता के प्रावधान किए गए हैं। जिला बाल कल्याण अधिकारी विनोद कुमार ने यह जानकारी देते हुए बताया कि निराश्रित बच्चों को मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना का लाभ दिलाने के लिए जिला बाल कल्याण अधिकारी कार्यालय में संपर्क किया जा सकता है। इसके अतिरिक्त हेल्पलाइन नंबर 1098 या उनके मोबाइल नंबर 99926-73949 पर संपर्क कर ऐसे बच्चों की सूचना दी जा सकती है।

# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार
## लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| दैनिक भास्कर | 9.6.21 | 2 | 1-2 |

# एचएयू में पहली बार 18 से 44 आयुवर्ग के लिए कैंप आयोजित

## हर कर्मचारी व परिजनों का टीकाकरण ही लक्ष्य : वीसी

भास्कर न्यूज | हिसार

एचएयू के कैंपस अस्पताल में मंगलवार को 18 वर्ष और उससे अधिक आयुवर्ग के कर्मचारियों के लिए टीकाकरण कैंप का आयोजन किया गया। कैंप का आयोजन जिला स्वास्थ्य विभाग के सहयोग से किया गया।

कैंप का उद्घाटन करने के बाद एचएयू के वीसी ने कहा कि हमारा लक्ष्य विश्वविद्यालय के हर कर्मचारी व उनके परिजनों का टीकाकरण करवाना है। एचएयू के शिक्षक व गैर शिक्षक कर्मचारियों की मांग पर यह कैंप आयोजित किया गया, ताकि हर कर्मचारी का टीकाकरण हो सके और विश्वविद्यालय में कोरोना महामारी के प्रकोप को फैलने से रोका जा सके। वीसी ने टीका लगवा चुके और टीकाकरण के लिए आए लोगों से इस बारे में बातचीत की और उनका कुशलक्षेम पूछा। उन्होंने कहा कि वैक्सीन के बाद भी इस वैश्विक महामारी से बचाव के लिए मास्क, सेनिटाइजेशन व दो गज की दूरी बहुत जरूरी है। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय ने भी कोरोना महामारी के दौरान अब तक विश्वविद्यालय कैंपस और बाहरी केंद्रों पर कुल 27 वैक्सीनेशन कैम्प आयोजित किए जा चुके हैं।



टीकाकरण के दौरान मौजूद वीसी।

### एचएयू में कोरोना-काल में भी निर्बाध गति से जारी रहा कार्य

वीसी ने कहा कि कोरोना जब अपने चरम पर थी, तब भी राज्य व केंद्र सरकार द्वारा जारी हिदायतों का पालन करते हुए विश्वविद्यालय के प्रशासनिक कार्य, कृषि संबंधी कार्य, अनुसंधान और ऑनलाइन पढ़ाई जैसी सभी गतिविधियां निर्बाध गति से जारी रही। इस अवसर पर वीसी के ओएसडी डॉ. अतुल ढींगड़ा, कुलसचिव डॉ. राजवीर सिंह, छात्र कल्याण निदेशक डॉ. देवेंद्र सिंह दहिया, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. प्रीति मलिक, डॉ. अशोक चौधरी, जिला स्वास्थ्य विभाग से एएनएम मुकेश, सुमित्रा, आईटी सैल से सौरभ और प्रवीण मौजूद रहे।

# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार
## लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
| --- | --- | --- | --- |
| दैनिक जागरण, अमर उजाला | 9.6.21 | 3, 2 | 2-3, 1-3 |

# एचएयू पेंशनर्स ने साथियों के कोरोना से निधन पर दी श्रद्धांजलि

जासं, हिसार : एचएयू पेंशनर्स एसोसिएशन ने पिछले एक साल में करोना के प्रकोप से बिछड़े साथियों की याद में श्रद्धांजलि सभा वेबिनार पर आयोजित की।

इसमें देश के अलग अलग भागों से प्राध्यापकों ने भाग लिया। डा. जेके डांग एवं डा. सुरेश चोपड़ा ने सभा का संचालन किया। लगभग 60- सदस्यों ने श्रद्धांजलि सभा में भाग लिया। वेबिनार में ये जीवन रैन बसेरा है , क्या तेरा क्या मेरा है ,क्यू नैनो से नीर झरे रे ,दूर करे वो ही संकट तेरे जैसी पंक्तियों से दिवंगतों को याद किया गया। उप प्रधन डा. जेके डांग ने बताया की एक साल में 50 से अधिक साथी एवं उनके परिवार के सदस्य, हमें छोड़ कर चले गए हैं। पूर्व निदेशक डा. भूषण लाल जलाली ने दिवंगत साथियों को श्रद्धा सुमन अर्पित करते हुए कहा कि हम सब के लिए दुःखद घड़ी है, इतने सारे साथी करोना के शिकार हो गए हैं। इस वेबिनार में पूर्व विभागाध्यक्ष डा. नारायण ऋषि ने बताया कि चमगादड़ पर 118- प्रकार के वायरस पाए जाते हैं, उनमें से अधिकतर मानव जाति में आ सकते हैं और कई तरह की बीमारियां फैला सकते हैं। उन्होंने कहा कि खतरा अभी टला नहीं है, हमें सतर्क रहने की जरूरत है। तभी हम संक्रमण को रोक सकते हैं।

इस दौरान पूर्व डीन डा. आरडी शर्मा, प्रधान डा. एसएस पाहुजा, मुख्य सचिव डा. एसएस डुडेजा , डा. सतीश कालरा, डा नीलाम परूथी, डा. एससी चोपड़ा, डा आरबी श्रीवास्तव और अन्य साथियों ने दिवंगत आत्मा को अपनी श्रद्धांजलि अर्पित की।

दूरदर्शन के पूर्व निदेशक अजीत सिंह ने कहा कि हमें वैक्सीन के प्रति लोगों को जागरूक करना चाहिए।

# एचएयू पेंशनर ने दी श्रद्धांजलि

हिसार (ब्यूरो)। एचएयू पेंशनर एसोसिएशन ने पिछले एक साल में कोरोना से बिछड़े साथियों की याद में श्रद्धांजलि वेबिनार किया। डॉ. जेके डांग एवं डॉ. सुरेश चोपड़ा ने संचालन किया। उपप्रधान डॉ. जेके डांग ने बताया कि एक साल में 50 से अधिक साथी छोड़ कर चले गए हैं। भूतपूर्व निदेशक डॉ. भूषण लाल जलाली, डॉ. नारायण ऋषि, पूर्व अधिष्ठाता डॉ. आरडी शर्मा, प्रधान डॉ. एसएस पाहुजा ने शोक जताया।

चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार

लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| पांच बजे न्यूज | 08.06.2021 | --- | |

विश्वविद्यालय में पहली बार 18 से 44 आयुवर्ग के लिए कैंप आयोजित

# प्रत्येक कर्मचारी व उसके परिजनों का टीकाकरण हमारा लक्ष्य : प्रो. काम्बोज

पांच बजे न्यूज

हिसार। चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय हिसार के कैंपस अस्पताल में मंगलवार को 18 वर्ष और उससे अधिक आयुवर्ग के कर्मचारियों के लिए टीकाकरण कैंप का आयोजन किया गया। कैंप का आयोजन जिला स्वास्थ्य विभाग के सहयोग से किया गया। कैंप का उद्घाटन करने के उपरांत विश्वविद्यालय के कुलपति ने कहा कि हमारा लक्ष्य विश्वविद्यालय के प्रत्येक कर्मचारी व उसके परिजनों का टीकाकरण करवाना है। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय के शिक्षक व गैर शिक्षक कर्मचारियों की मांग पर यह कैंप विशेष तौर पर आयोजित किया गया ताकि प्रत्येक कर्मचारी का टीकाकरण हो सके और विश्वविद्यालय में कोरोना महामारी के प्रकोप को फैलने से रोका जा सके। कुलपति ने टीका लगवा चुके और टीकाकरण के लिए आए लोगों से इस बारे में बातचीत की और उनका कुशलक्षेम पूछा। उन्होंने कहा कि वैक्सीन के बाद भी इस वैश्विक महामारी से बचाव के लिए मास्क, सैनिटाइजेशन व दो गज की दूरी बहुत जरूरी है। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय ने भी कोरोना महामारी के दौरान अपना दायित्व समझते हुए अब तक विश्वविद्यालय कैंपस और बाहरी केंद्रों पर कुल 27 वैक्सीनेशन कैम्प आयोजित किए जा चुके हैं। इनमें सभी कृषि विज्ञान एवं अनुसंधान केंद्रों के इंचार्जों की ओर से केंद्र द्वारा गोद लिए गए नजदीकी गांवों के किसानों व केंद्र के कर्मचारियों को वैक्सीन लगाई गई है। साथ ही ज्यादा से ज्यादा किसानों को वैक्सीन लगवाने के लिए प्रेरित किया जा रहा है।



### एचएयू में कोरोना की चरम में भी निर्बाध गति से जारी रहा कार्य

कुलपति ने कहा कि कोरोना महामारी जब अपने चरम पर थी, तब भी राज्य व केंद्र सरकार द्वारा जारी हिदायतों का पालन करते हुए विश्वविद्यालय के प्रशासनिक कार्य, कृषि संबंधी कार्य, अनुसंधान और ऑनलाइन पढ़ाई जैसी सभी गतिविधियां निर्बाध गति से जारी रहीं। विश्वविद्यालय के कर्मचारियों ने कोरोना योद्धा की भांति अपना फर्ज निभाते हुए ड्यूटी दी और सभी कार्य जारी रखे। विश्वविद्यालय के कर्मचारियों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए समय-समय पर सैनेटाइजेशन करवाना व कोरोना टीकाकरण कैंप लगवाना जारी है। उन्होंने कहा कि भविष्य में भी इस प्रकार का टीकाकरण का कार्यक्रम जारी रहेगा। इस अवसर पर कुलपति के ओएसडी डॉ. अतुल ढींगड़ा, कुलसचिव डॉ. राजबीर सिंह, छात्र कल्याण निदेशक डॉ. देवेंद्र सिंह दहिया, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. प्रीति मलिक, डॉ. अशोक चौधरी, जिला स्वास्थ्य विभाग से एएनएम मुकेश, सुमित्रा, आईटी सैल से सौरभ, प्रवीण सहित विश्वविद्यालय के अन्य प्रशासनिक अधिकारी व अस्पताल के कर्मचारी भी मौजूद रहे।

चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार
लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| पाठक पक्ष | 08.06.2021 | -- | -- |

# प्रत्येक कर्मचारी व उसके परिजनों का टीकाकरण हमारा लक्ष्य : प्रो. बी.आर. काम्बोज

## विश्वविद्यालय में पहली बार 18 से 44 आयुवर्ग के लिए कैंप आयोजित

पाठकपक्ष न्यूज

हिसार, 8 जून : चौधरी चरण सिहं हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय हिसार के कैंपस अस्तपाल में मंगलवार को 18 वर्ष और उससे अधिक आयुवर्ग के कर्मचारियों के लिए टीकाकरण कैंप का आयोजन किया गया। कैंप का आयोजन जिला स्वास्थ्य विभाग के सहयोग से किया गया। कैंप का उद्घाटन करने के उपरांत विश्वविद्यालय के कुलपति ने कहा कि हमारा लक्ष्य विश्वविद्यालय के प्रत्येक कर्मचारी व उसके परिजनों का टीकाकरण करवाना है। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय के शिक्षक व गैर शिक्षक कर्मचारियों की मांग पर यह कैंप विशेष तौर पर आयोजित किया गया ताकि प्रत्येक कर्मचारी का टीकाकरण हो सके और विश्वविद्यालय में कोरोना महामारी के प्रकोप को फैलने से रोका जा सके। कुलपति ने टीका लगवा चुके और टीकाकरण के लिए आए लोगों से इस बारे में बातचीत की और उनका कुशलक्षेम पुछा। उन्होंने कहा कि वैक्सीन के बाद भी इस वैश्विक महामारी से बचाव के लिए मास्क, सेनिटाइजेशन व दो गज की दूरी बहुत जरूरी है। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय ने भी कोरोना महामारी के दौरान अपना दायित्व



### एचएयू में कोरोना की चरम में भी निर्बाध गति से जारी रहा कार्य

*कुलपति ने कहा कि कोरोना महामारी जब अपने चरम पर थी, तब भी राज्य व केंद्र सरकार द्वारा जारी हिदायतों का पालन करते हुए विश्वविद्यालय के प्रशासनिक कार्य, कृषि संबंधी कार्य, अनुसंधान और ऑनलाइन पढ़ाई जैसी सभी गतिविधियां निर्बाध गति से जारी रही। विश्वविद्यालय के कर्मचारियों ने कोरोना योद्धा की भांति अपना फर्ज निभाते हुए ड्यूटी दी और सभी कार्य जारी रखे। विश्वविद्यालय के कर्मचारियों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए समय-समय पर सेनेटाइजेशन करवाना व कोरोना टीकाकरण कैंप लगवाना जारी है। उन्होंने कहा कि भविष्य में भी इस प्रकार का टीकाकरण का कार्यक्रम जारी रहेगा। इस अवसर पर कुलपति के ओएसडी डॉ. अतुल ढींगड़ा, कुलसचिव डॉ. राजवीर सिंह, छात्र कल्याण निदेशक डॉ. देवेंद्र सिंह दहिया, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. प्रीति मलिक, डॉ. अशोक चौधरी, जिला स्वास्थ्य विभाग से एएनएम मुकेश, सुमित्रा, आईटी सैल से सौरभ, प्रवीण सहित विश्वविद्यालय के अन्य प्रशासनिक अधिकारी व अस्तपाल के कर्मचारी भी मौजूद रहे।*

कैंपस और बाहरी केंद्रों पर कुल 27 वैक्सीनेशन कैम्प आयोजित किए जा चुके हैं। इनमें सभी कृषि विज्ञान एवं अनुसंधान केंद्रों के इंचार्जों की ओर

गांवों के किसानों व केंद्र के कर्मचारियों को वैक्सीन लगाई गई है। साथ ही ज्यादा से ज्यादा किसानों को वैक्सीन लगवाने के लिए प्रेरित

# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार

## लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| नभ छोर | 08.06.2021 | -- | -- |



# हकृवि में 18 वर्ष और उससे अधिक आयुवर्ग के कर्मचारियों के लिए टीकाकरण शिविर आयोजित

हिसार/08 जून/रिपोर्टर

चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के कैंपस अस्तपाल में आज 18 वर्ष और उससे अधिक आयुवर्ग के कर्मचारियों के लिए टीकाकरण शिविर का आयोजन जिला स्वास्थ्य विभाग के सहयोग से किया गया। शिविर का उद्घाटन करने के उपरांत विश्वविद्यालय के कुलपति ने कहा कि हमारा लक्ष्य विश्वविद्यालय के प्रत्येक कर्मचारी व उसके परिजनों का टीकाकरण करवाना है। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय के शिक्षक व गैर शिक्षक कर्मचारियों की मांग पर यह कैंप विशेष तौर पर आयोजित किया गया ताकि प्रत्येक कर्मचारी का टीकाकरण हो सके और विश्वविद्यालय में कोरोना महामारी के प्रकोप को फैलने से रोका जा सके। कुलपति ने टीका लगवा चुके और टीकाकरण के लिए आए लोगों से इस बारे में बातचीत की और उनका कुशलक्षेम पूछा। उन्होंने कहा कि वैक्सीन के बाद भी इस वैश्विक महामारी से बचाव के लिए मास्क, सैनेटाईजेशन व दो गज की दूरी बहुत जरूरी है। उन्होंने कहा कि कोरोना महामारी के दौरान अपना दायित्व समझते हुए अब तक कैंपस और बाहरी केंद्रों पर कुल 27 वैक्सीनेशन कैम्प आयोजित किए जा चुके हैं। इनमें कृषि विज्ञान एवं अनुसंधान केंद्रों के इंचार्जों की ओर से केंद्र द्वारा गोद लिए गए नजदीकी गांवों के किसानों व केंद्र के कर्मचारियों को वैक्सीन लगाई गई है। साथ ही ज्यादा से ज्यादा किसानों को वैक्सीन लगवाने के लिए प्रेरित किया जा रहा है। कुलपति ने कहा



कि कोरोना महामारी जब अपने चरम पर थी, तब भी राज्य व केंद्र सरकार द्वारा जारी हिदायतों का पालन करते हुए विश्वविद्यालय के प्रशासनिक कार्य, कृषि संबंधी कार्य, अनुसंधान और ऑनलाईन पढ़ाई जैसी सभी गतिविधियां निर्बाध गति से जारी रहीं। विश्वविद्यालय के कर्मचारियों ने कोरोना योद्धा की भांति अपना फर्ज निभाते हुए ड्यूटी दी और सभी कार्य जारी रखे। इस अवसर पर कुलपति के ओएसडी डॉ. अतुल ढींगड़ा, कुलसचिव डॉ. राजवीर सिंह, छात्र कल्याण निदेशक डॉ. देवेंद्र सिंह दहिया, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. प्रीति मलिक, डॉ. अशोक चौधरी, जिला स्वास्थ्य विभाग से एएनएम मुकेश, सुमित्रा, आईटी सैल से सौरभ, प्रवीण आदि मौजूद रहे।

चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार
लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| नभ छोर | 08.06.2021 | -- | -- |


# 'दुनिया भर में 10 में से एक व्यक्ति दूषित भोजन की वजह से बीमार पड़ जाता है'

हिसार/08 जून/रिपोर्टर

चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के इंदिरा चक्रवर्ती गृह विज्ञान महाविद्यालय में खाद्य एवं पोषण विभाग की ओर से विश्व खाद्य सुरक्षा दिवस के उपलक्ष्य में एक ऑनलाईन निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर बीआर काम्बोज ने कहा कि इस दिवस को मनाने का मुख्य उद्देश्य सुरक्षित खाद्य मानकों को बनाए रखने के बारे में लोगों को जागरूक करना और खाद्य जनित बीमारियों को कम करना है। उन्होंने कहा कि विश्व स्वास्थ्य संगठन के आंकड़ों के अनुसार दुनिया भर में 10 में से एक व्यक्ति दूषित भोजन की वजह से बीमार पड़ जाता है। यह आने वाले समय के लिए बड़ी समस्या है। ऐसे में हमें स्वच्छ भोजन के प्रति जागरूक होने की जरूरत है। खाद्य सुरक्षा का मतलब यह सुनिश्चित करना होता है कि प्रत्येक व्यक्ति को पर्याप्त मात्रा में और सुरक्षित व पौष्टिक भोजन मिलना जरूरी है। उन्होंने कहा कि ऐसे कार्यक्रमों के माध्यम से समाज के लोगों में भोजन के प्रति सुरक्षा को लेकर जागरूकता फैलाई जा सकती है। निबंध लेखन का विषय सुरक्षित कल के लिए आज खाद्य सुरक्षा रखा गया था, जिसमें प्रतिभागियों को हिंदी या अंग्रेजी में 280 से 300 शब्दों का निबंध लिखकर भेजना था। निर्णायक मंडल की भूमिका महाविद्यालय के विस्तार शिक्षा एवं प्रबंधन विभाग की सहायक प्रोफेसर डॉ. वंदना वर्मा व सहायक प्रोफेसर डॉ. उर्वशी नांदल ने निभाई। स्कूल वर्ग में सेंट मेरीज स्कूल, मुरादाबाद की अनुष्का अग्रवाल प्रथम, भारत माता सरस्वती बाल मंदिर, दिल्ली के अर्जुन पंवार द्वितीय व डीएवी मॉडल स्कूल, सैक्टर-15, चण्डीगढ़ के नीतीश मलिक संयुक्त रूप से तृतीय स्थान पर रहे। कॉलेज वर्ग में गृह विज्ञान महाविद्यालय की ट्विंकल प्रथम, खाद्य एवं पोषण विभाग, पीएयू, लुधियाना से हिमलेश ने द्वितीय एवं गृह विज्ञान महाविद्यालय की गीता रानी ने तृतीय स्थान हासिल किया। यह जानकारी देते हुए विभागाध्यक्ष डॉ. संगीता चहल ने बताया इस कार्यक्रम का आयोजन महाविद्यालय की अधिष्ठाता डॉ. बिमला ढांडा व छात्र कल्याण निदेशक डॉ. देवेंद्र सिंह दहिया की देखरेख में व राष्ट्रीय कृषि उच्च शिक्षा परियोजना के सहयोग से किया गया। सभी प्रतिभागियों को ई-सर्टिफीकेट प्रदान किए गए।

# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार

## लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| समस्त हरियाणा न्यूज | **08.06.2021** | -- | -- |

समस्त हरियाणा मंगलवार, 8 जून, 2021

# प्रत्येक कर्मचारी व उसके परिजनों का टीकाकरण हमारा लक्ष्य : प्रो. काम्बोज

## विश्वविद्यालय में पहली बार 18 से 44 आयुवर्ग के लिए कैंप आयोजित



समस्त हरियाणा न्यूज

**हिसार।** चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय हिसार के कैंपस अस्तपाल में मंगलवार को 18 वर्ष और उससे अधिक आयुवर्ग के कर्मचारियों के लिए टीकाकरण कैंप का आयोजन किया गया। कैंप का आयोजन जिला स्वास्थ्य विभाग के सहयोग से किया गया। कैंप का उद्घाटन करने के उपरांत विश्वविद्यालय के कुलपति ने कहा कि हमारा लक्ष्य विश्वविद्यालय के प्रत्येक कर्मचारी व उसके परिजनों का टीकाकरण करवाना है। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय के शिक्षक व गैर शिक्षक कर्मचारियों की मांग पर यह कैंप विशेष तौर पर आयोजित किया गया ताकि प्रत्येक कर्मचारी का टीकाकरण हो सके और विश्वविद्यालय में कोरोना महामारी के प्रकोप को फैलने से रोका जा सके।

कुलपति ने टीका लगवा चुके और टीकाकरण के लिए आए लोगों से इस बारे में बातचीत की और उनका कुशलक्षेम पुछा। उन्होंने कहा कि वैक्सीन के बाद भी इस वैश्विक महामारी से बचाव के लिए मास्क, सेनिटाइजेशन व दो गज की दूरी बहुत जरूरी है। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय ने भी कोरोना महामारी के दौरान अपना दायित्व समझते हुए अब तक विश्वविद्यालय कैंपस और बाहरी केंद्रों पर कुल 27 वैक्सीनेशन कैम्प आयोजित किए जा चुके हैं।

इनमें सभी कृषि विज्ञान एवं अनुसंधान केंद्रों के इंचार्जो की ओर से केंद्र द्वारा गोद लिए गए नजदीकी गांवों के किसानों व केंद्र के कर्मचारियों को वैक्सीन लगाई गई है। साथ ही ज्यादा से ज्यादा किसानों को वैक्सीन लगवाने के लिए प्रेरित किया जा रहा है।

कुलपति ने कहा कि कोरोना महामारी जब अपने चरम पर थी, तब भी राज्य व केंद्र सरकार द्वारा जारी हिदायतों का पालन करते हुए विश्वविद्यालय के प्रशासनिक कार्य, कृषि संबंधी कार्य, अनुसंधान और ऑनलाइन पढ़ाई जैसी सभी गतिविधियां निर्बाध गति से जारी रही।

इस अवसर पर कुलपति के ओएसडी डॉ. अतुल ढींगड़ा, कुलसचिव डॉ. राजवीर सिंह, छात्र कल्याण निदेशक डॉ. देवेंद्र सिंह दहिया, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. प्रीति मलिक, डॉ. अशोक चौधरी, जिला स्वास्थ्य विभाग से एएनएम मुकेश, सुमित्रा, आईटी सैल से सौरभ, प्रवीण सहित विश्वविद्यालय के अन्य प्रशासनिक अधिकारी व अस्तपाल के कर्मचारी भी मौजूद रहे।

चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार

लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| एचआर ब्रेकिंग न्यूज | **09.06.2021** | -- | -- |

# प्रत्येक कर्मचारी व उसके परिजनों का टीकाकरण हमारा लक्ष्य : प्रोफेसर बी.आर. काम्बोज

एचआर ब्रेकिंग न्यूज

हिसार। चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के कैंपस अस्पताल में मंगलवार को 18 वर्ष और उससे अधिक आयुवर्ग के कर्मचारियों के लिए टीकाकरण कैंप का आयोजन किया गया। कैंप का आयोजन जिला स्वास्थ्य विभाग के सहयोग से किया गया।

